प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केन्द्र सरकार पर झारखंड के साथ भेदभाव करने का लगाया आरोप, कहा–परिसीमन के बहाने आदिवासी–दलित सीटें घटाने की साजिश।
- विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने बजट सत्र को बताया सफल, कहा–सदस्यों ने सदन के समय का किया सदुपयोग।
- राजधानी रांची में अब आजसू नेता की हत्या, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधि व्यवस्था के सवाल पर भी सरकार को घेरा।
- राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, निर्वाचन संबंधी मामलों पर मांगे सुझाव।
- छतीसगढ़ में आयोजित आठवीं फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता में झारखंड ओवरऑल चैंपियन, रांची में राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का फाइनल मुकाबला आज।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन केन्द्र सरकार और विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने केन्द्र सरकार पर झारखंड के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। श्री सोरेन ने कहा कि मनरेगा सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की राशि राज्य को नहीं दी जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि परिसीमन के बहाने आदिवासी सीटों को घटाने की कोशिश की जा रही है।

****************

विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। बजट सत्र की शुरूआत 24 फरवरी को हुई थी। इस बजट सत्र में कुल 20 कार्य दिवस थे। विधानसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र को सफल बताया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने सदन के समय का सदुपयोग किया और जनहित के कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।

****************

रांची पुलिस भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या की गुत्थी सुलझा भी नहीं पायी थी कि अब अपराधियों ने आजसू नेता और जूता कारोबारी भूपल साहू की हत्या कर दी है। यह घटना रांची के पंडरा इलाके में हुई। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हत्याकांड में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

****************

इस बीच कानून व्यवस्था के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर सरकार पर हमला बोला है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आये दिन हो रही आपराधिक घटनाओं ने राज्य में अराजक स्थिति पैदा कर दी है।

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कल निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इसमें राजनीतिक दलों से सुझाव लिए गए। श्री कुमार ने कहा कि कानूनी प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सुझावों को लागू किया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे बूथ लेवल एजेंट के चुनाव संबंधी ज्ञान संवर्धन पर बल दिया।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

गिरिडीह जिले में रामनवमी, दुर्गापूजा, छठ, ईद और सरहुल पर्व को शांति पूर्ण ढंग से मनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई ऐहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शांति समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक के बाद उपायुक्त ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी।

****************

गुमला जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य और राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन का प्रभावी क्रियान्वय किया जा रहा है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदूर ग्रामीण इलाकों तक भी हुई है।

****************

संक्षिप्त खबरें

- जामताड़ा थाना परिसर में रामनवमी और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक आनंद कुमार लागूरी ने की। एसपी ने पर्वों के दौरान सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की।
- खूंटी में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस परिसर में एक पुराना वृक्ष अचानक गिर गया। इस हादसे में स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी बाल बाल बच गए।
- गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के बिराजपुर गांव में हाथियों के झुंड ने एक महिला को कुचल कर मार डाला। मृत महिला की पहचान बिराजपुर गांव निवासी देवमानी देवी के रूप में हुई है।
- 10 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद धनबाद में बना सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भवन शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को हैंडओवर कर दिया गया।
- देवघर अनुमंडल क्षेत्र में एसडीओ रवि कुमार के नेतृत्व में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। इसमें 16 वाहनों को अवैध ढुलाई करते हुए पकड़ा गया।

****************

राज्य में अगले दो दिन तक तापमान बढ़ने के आसार हैं। इस बीच पलामू, जमशेदपुर, चाईबासा, बोकारो और सरायकेला खरसांवा में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। लेकिन इसके बाद आगामी दो दिन तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। मौसम विभाग के अनुसार तापमान बढ़ने के बावजूद राज्य में भीषण गर्मी या हीट वेव जैसे हालात फिलहाल नहीं बनेंगे।

****************

छतीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित आठवीं फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण, 18 रजत और 11 कांस्य पदक हासिल किये।

****************

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के फाइनल में आज हरियाणा का सामना ओडिशा से होगा। रांची में यह मैच शाम 6 बजे से खेला जाएगा। तीसरे स्थान के लिए शाम 4 बजे झारखंड और मिजोरम आमने सामने होंगे। अंतिम लीग मैच में कल झारखंड ने ओडिशा को हराकर पूल ए में तीसरा स्थान हासिल किया।

****************

अखबारों की सुर्खियां—

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने भाजपा नेता की हत्या के विरोध में रांची बंद रहने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है—भाजपा नेता की हत्या के विरोध में बंद, चौक—चौराहों पर विरोध—प्रदर्शन, 125 बंद समर्थक लिये गये हिरासत में।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है—परिसीमन के पीछे भी है आदिवासी, दलित सीटें घटाने की साजिश।

दैनिक भास्कर लिखता है—राजधानी में लगातार दूसरे दिन भी मर्डर, अब आजसू के रातू प्रखंड उपाध्यक्ष का गला रेता, मौत।

दैनिक जागरण के शब्द हैं—निजी स्कूल की मनमानी पर लगेगी लगाम।

****************